**भारतीय सेना में आई टी/साइबर, इंफोर्मेशन ऑपरेशन एवं लिंगविस्ट वर्ग में हवलदार (शिक्षा) की भर्ती के लिए अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

**वर्ष 2027 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अधिसूचना**

**भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष एवं पारदर्शी है और केवल योग्यता पर आधारित है। किसी भी स्तर पर, भारतीय सेना में भर्ती या चयन हेतु किसी को रिश्वत नहीं दी जानी चाहिए। अभ्यर्थियों को भर्ती एजेंट बनकर धोखाधड़ी करने वाले बेईमान व्यक्तियों के झांसे में नहीं आना चाहिए।**

**परीक्षा क्षेत्र में मोबाइल फोन/स्मार्ट वॉच/इलैक्टॉनिक उपकरणों की अनुमति नहीं होगी।**

1. भर्ती वर्ष 2027 के लिए, आई टी/साइबर, इंफोर्मेशन ऑपरेशन एवं लिंगविस्ट वर्ग के लिए हवलदार (शिक्षा) की भर्ती प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :-

1.1 भाग-I - अहर्ता मानदंड, शारीरिक एवं चिकित्सा मानक
1.2 भाग-II - Join Indian Army पोर्टल के माध्यम से अभ्यर्थियों का पंजीकरण
1.3 भाग-III - ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा(सीईई)
1.4 भाग-IV - भर्ती रैली (शारीरिक फिटनेस जांच/शारीरिक माप परीक्षण/चिकित्सा जांच)
1.5 भाग-V - अभियोग्यता कौशल परीक्षण एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार
1.6 भाग-VI - अंतिम मेरिट एवं प्रशिक्षण के लिए बुलावा
1.7 भाग- VII - अभ्यर्थियों हेतु महत्वपूर्ण निर्देश

**भाग-1: अहर्ता मानदंड, शारीरिक एवं चिकित्सा मानक**

**अहर्ता मानदंड**

2. **आयु सीमा** 20-25 वर्ष (**01 जुलाई 2027 तक**) अभ्यर्थी जिनका जन्म 01 जुलाई 2002 से 01 जुलाई 2007 तक (दोनों दिन शामिल) हुआ है, आवेदन के पात्र हैं।

**टिप्पणी.** अभ्यर्थियों को भर्ती रैली के समय प्रारंभिक दस्तावेज जांच के दौरान जन्म प्रमाण-पत्र/10वीं कक्षा का अंकपत्र प्रस्तुत करना होगा।

3. **शैक्षणिक योग्यता** अभ्यर्थी का चयन हवलदार (शिक्षा) की निम्नलिखित श्रेणी/ट्रेड योग्यता हेतु निम्नलिखित गुणात्मक आवश्यकताओं के अनुसार किया जाएगा:-

| **क्रम सं** | **वर्ग/ट्रेड** | **शिक्षा** |
|---|---|---|
| 1 | हवलदार (आई टी/साइबर) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से निम्नलिखित में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक/स्नातकोतर या समकक्ष:-<br><br>**1. वरीयता—I** बीएससी/एमएससी (सूचना सुरक्षा)/बीएससी/एमएससी (सूचना प्रौद्योगिकी/बीएससी/एमएससी (साइबर सुरक्षा)/बीएससी/एमएससी (साइबर फोरेंसिक्स)/ बीएससी/एमएससी (क्रिप्टोलोजी)/ बीएससी/एमएससी/बी टेक (कंप्यूटर साइंस)/बीसीए/एमसीए (कंप्यूटर एप्लिकेशन) /बीएससी (डेटा एनालिटिक्स)/बीएससी (डेटा साइंस)/ बीएससी/एमएससी (एआई एवं एम एल) या समकक्ष<br><br>**2. वरीयता —II** बीए/एम ए/बीएससी/एमएससी (गणित)/बीएससी/एमएससी (भौतिक विज्ञान/रसायन विज्ञान)/बीई एवं बी टेक (इलैक्ट्रोनिक्स)<br><br>3. **हवलदार आई टी/साइबर के लिए वरीयता -I की शैक्षणिक योग्यता रखने अभ्यर्थियों को अंतिम मेरिट में 30 अंकों का बोनस दिया जाएगा।** |

| क्रम सं | वर्ग/ट्रेड | शिक्षा |
|---|---|---|
| 2. | हवलदार (इंफोर्मेशन ऑपरेशन) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से निम्नलिखित में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक/स्नातकोतर या समकक्ष:-<br><br>**1. वरीयता —I** बीएससी/एमएससी (सूचना प्रौद्योगिकी)/बीएससी/एमएससी/बी टेक (कंप्यूटर सांइस) /बीए/एमए (मास कम्यूनिकेशन)/बीए/एमए (पत्रकारिता), बीए/एमए (मनोविज्ञान)/ बीए/एमए (समाजशास्त्र), बीए/एमए (लोकप्रशासन)/ बीए/एमए (राजनीति विज्ञान/बीए (सैन्य अध्ययन या रक्षा प्रबंधन) या समकक्ष<br><br>**2. वरीयता —II** बीए/एम ए/ (अंग्रेजी साहित्य)/) बीए/एम ए/ (उर्दू साहित्य)/ बीए/एम ए (कश्मीरी साहित्य)/ बीए/एम ए (तिब्बती भाषा या अध्ययन/ बीए/एम ए (इतिहास)/ बीएससी (मल्टीमीडिया)/बीए/एम ए/बीएससी/एमएससी (गणित)/बीएससी/एमएससी (भौतिक विज्ञान) बीएससी/एमएससी (रसायन विज्ञान)/बीई एवं बी टेक (इलैक्ट्रोनिक्स)<br><br>3. **हवलदार (इंफोर्मेशन ऑपरेशन) के लिए वरीयता -I की शैक्षणिक योग्यता रखने अभ्यर्थियों को अंतिम मेरिट में 30 अंकों का बोनस दिया जाएगा।** |
| 3. | हवलदार (लिंगविस्ट) चीनी | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से निम्नलिखित में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक/स्नातकोतर या समकक्ष:-<br><br>**1. वरीयता—I** विदेशी भाषा चीनी में बीए/एमए। चीनी भाषा में डिप्लोमा के साथ अंग्रेजी में बीए/एमए या समकक्ष।<br><br>**2. वरीयता —II** बीए/एम ए (अंग्रेजी साहित्य)/) बीए/एम ए (राजनीति विज्ञान)/ बीए/एम ए/ (इतिहास)/ बीए/एम ए/बीएससी/एमएससी (गणित)/बीएससी/एमएससी (भौतिक विज्ञान) बीएससी/एमएससी (रसायन विज्ञान)/बीई एवं बी टेक (इलैक्ट्रोनिक्स)<br><br>3. **हवलदार (लिंगविस्ट) के लिए वरीयता -I की शैक्षणिक योग्यता रखने अभ्यर्थियों को अंतिम मेरिट में 30 अंकों का बोनस दिया जाएगा।** |
| 4. | हवलदार (लिंगविस्ट) रूसी | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से निम्नलिखित में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक/स्नातकोतर या समकक्ष:-<br><br>**1. वरीयता—I** विदेशी भाषा रूसी में बीए/एमए। रूसी भाषा में डिप्लोमा के साथ अंग्रेजी में बीए/एमए या समकक्ष।<br><br>**2. वरीयता —II** बीए/एम ए (अंग्रेजी साहित्य)/) बीए/एम ए (राजनीति विज्ञान)/ बीए/एम ए/ (इतिहास)/ बीए/एम ए/बीएससी/एमएससी (गणित)/बीएससी/एमएससी (भौतिक विज्ञान) बीएससी/एमएससी (रसायन विज्ञान)/बीई एवं बी टेक (इलैक्ट्रोनिक्स)<br><br>3. **हवलदार (लिंगविस्ट) के लिए वरीयता -I की शैक्षणिक योग्यता रखने अभ्यर्थियों को अंतिम मेरिट में 30 अंकों का बोनस दिया जाएगा।** |

| क्रम सं | वर्ग/ट्रेड | शिक्षा |
|---|---|---|
| 5. | हवलदार (लिंगविस्ट) अरबी | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से निम्नलिखित में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक/स्नातकोतर या समकक्ष:-<br><br>1. **वरीयता—I** विदेशी भाषा अरबी में बीए/एमए। अरबी भाषा में डिप्लोमा के साथ अंग्रेजी में बीए/एमए या समकक्ष।<br><br>2. **वरीयता —II** बीए/एम ए (अंग्रेजी साहित्य)/) बीए/एम ए (राजनीति विज्ञान)/ बीए/एम ए/ (इतिहास)/ बीए/एम ए/बीएससी/एमएससी (गणित)/बीएससी/एमएससी (भौतिक विज्ञान) बीएससी/एमएससी (रसायन विज्ञान)/बीई एवं बी टेक (इलैक्ट्रोनिक्स)<br><br>3. **हवलदार (लिंगविस्ट) के लिए वरीयता -I की शैक्षणिक योग्यता रखने अभ्यर्थियों को अंतिम मेरिट में 30 अंकों का बोनस दिया जाएगा।** |

**टिप्पणी :** उपर्युक्त अनिवार्य शैक्षिक योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से प्राप्त होनी चाहिए। डिग्री के समक्ष कोष्ठक में दिए गए विषय का अर्थ है कि अभ्यर्थी ने ऑनर्स डिग्री प्राप्त की है या स्नातक स्तर के तीनों वर्षों में उस विषय का अध्ययन किया है। **हवलदार शिक्षा के तीनों उपवर्गों में से अभ्यर्थी हवलदार शिक्षा के केवल एक उपवर्ग मे आवेदन कर सकते हैं।**

4**. न्यूनतम शारीरिक मानक**

| क्रम सं | क्षेत्र | लंबाई (से.मी.) | न्यूनतम वजन(कि.ग्रा.) | अधिकतम वजन(कि.ग्रा.) | छाती(सेमी) |
|---|---|---|---|---|---|
| **शारीरिक मानक** | | | | | |
| 1 | पश्चिमी हिमालय | 162 | 48 | 60.4 | 77 |
| 2. | पूर्वी हिमालय | 160 | 48 | 58.9 | 77 |
| 3. | पश्चिमी मैदान | 162 | 50 | 60.4 | 77 |
| 4. | पूर्वी मैदान | 162 | 50 | 60.4 | 77 |
| 5. | मध्य मैदान | 162 | 50 | 60.4 | 77 |
| 6. | दक्षिणी मैदान | 162 | 50 | 60.4 | 77 |
| 7. | गोरखा | 157 | 48 | 56.7 | 77 |
| 8. | लद्दाखी | 157 | 50 | 56.7 | 77 |
| 9. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप, मिनीकॉय(स्थानीय) सहित लक्ष्यद्वीप समूह | 155 | 50 | 55.3 | 77 |
| 10. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप, मिनीकॉय(स्थानीय) सहित लक्ष्यद्वीप समूह | 165 | 50 | 62.6 | 77 |

5. **चिकित्सा मानक** – अभ्यर्थी का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य उत्तम होना चाहिए, छाती सुदृढ़ होनी चाहिए और कम से कम 5 सेंटीमीटर सांस लेने के बाद फुलनी चाहिए, साथ ही दोनों कानों के सुनने की क्षमता सामान्य होनी चाहिए। उसके प्राकृतिक दांतों की संख्या पर्याप्त होनी चाहिए अर्थात् 14 डेंटल प्वाइंट और मसूड़े स्वस्थ होने चाहिए। अभ्यर्थी को हड्डियों की विकृति, हाइड्रोसील, वैरिकाज नसें या बवासीर जैसी बीमारियां नहीं होनी चाहिए।

## भाग II : जॉइन इंडियन आर्मी पोर्टल के माध्यम से अभ्यर्थियों का पंजीकरण

### 6. ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया

6.1 ऑनलाइन पंजीकरण (आवेदन जमा करना) केवल जॉइन इंडियन आर्मी पोर्टल के माध्यम से ही होगा।

6.2 सभी अभ्यर्थियों को joinindianarmy.nic.in पर लॉग इन करना होगा, अपनी योग्यता स्थिति की जांच करनी होगी और अपना प्रोफाइल बनाना होगा।

6.3 अभ्यर्थी इस अधिसूचना के जवाब में केवल एक बार ही आवेदन करेंगे।

6.4 अभ्यर्थी के पास एक सक्रिय ई-मेल और मोबाईल नंबर होना आवश्यक है जिसका उपयोग आगे संचार के लिए किया जाएगा।

6.5 अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे जॉइन इंडियन आर्मी (जे आई ए) की बेवसाइट पर केवल हाल में लिए गए फोटोग्राफ ही अपलोड करें। अपलोड किए गए फोटोग्राफ से चेहरे का मिलान न होने की स्थिति में, अभ्यर्थी को ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सी ई ई) में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

6.6 **अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र के लिए पांच विकल्प चुनने होंगे।** सभी संभावित विकल्पों के आधार पर परीक्षा केंद्र आवंटित करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

6.7 एक से अधिक श्रेणियों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को **पहली श्रेणी के पंजीकरण** के दौरान दिए गए विकल्प के अनुसार परीक्षा स्थल आवंटित किए जाएंगे। अलग-अलग श्रेणियों के लिए अलग से कोई विकल्प दर्ज नहीं किया जाएगा।

**टिप्पणी : पंजीकरण के दौरान दर्ज किया गया स्थान परीक्षा केंद्र का स्थान है न कि सेना भर्ती कार्यालय (ए आर ओ) का ।**

6.8 भारतीय सेना के पास उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर पांच विकल्पों के अलावा अन्य परीक्षा केंद्र आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित है। ऐसी स्थिति में, उम्मीदवारों को उनके द्वारा निर्दिष्ट परीक्षा केंद्र के अलावा किसी अन्य परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने के लिए कहा जा सकता है।

6.9 परीक्षा-केंद्र या तिथि में परिवर्तन के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

6.10 **परीक्षा शुल्क** :- ऑनलाइन परीक्षा के लिए अभ्यर्थी को **250/-** रुपये का परीक्षा शुल्क देना होगा। आवेदन सफलतापूर्वक भरने पर अभ्यर्थी को वेबसाइट पर दिए गए लिंक के माध्यम से शुल्क भुगतान के लिए भुगतान गेटवे पोर्टल पर निर्देशित किया जाएगा। भुगतान निम्नलिखित उपलब्ध भुगतान विकल्पों में से किसी भी माध्यम से किया जा सकता है।

6.10.1 मैस्ट्रो, मास्टरकार्ड, एमेक्स, वीजा, रूपे कार्ड के माध्यम से भुगतान गेटवे सुविधा सभी प्रमुख बैंकों के क्रेडिट और डेबिट कार्ड दोनों द्वारा उपलब्ध है।

6.10.2 इंटरनेट बैंकिंग

6.10.3 यूपीआई

6.11 यदि अभ्यर्थी अपना आवेदन वापस लेना चाहता है, तो वह पंजीकरण विंडो बंद होने के 48 घंटे के भीतर ऐसा कर सकता है और पंजीकरण शुल्क वापस कर दिया जाएगा।

6.12. ड्यूप्लिकेट/ अधूरे/ गलत तरीके से भरे हुए आवेदन अस्वीकार किए जाएंगे।

6.13. ऑनलाइन समान्य प्रवेश परीक्षा (सी ई ई) में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जॉइन इंडियन आर्मी (जे आई ए) पोर्टल से उपलब्ध कराए जाएंगे। अभ्यर्थी जॉइन इंडियन आर्मी पर दिए गए लिंक पर क्लिक करके अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं अभ्यर्थियों को यूज़र नेम (जो कि अभ्यर्थी का अनुक्रमांक संख्या है) और एसएमएस / ईमेल पर प्राप्त पासवर्ड डालना होगा।

6.14. परीक्षा अलग-अलग दिनों में कई चरणों में होगी। परीक्षा का समय और रिपोर्टिंग का समय प्रवेश पत्र में दे दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर समय से पहुँचने के लिए एक निश्चित योजना पहले से ही तैयार करके रखने की आवश्यकता है ताकि वे समय रहते परीक्षा केंद्र पर पहुँच सकें।

6.15. जो अभ्यर्थी निर्धारित तारीख और समय पर परीक्षा के लिए रिपोर्ट करने में विफल रहेंगे, **उन्हें दूसरी तारीखों पर मौका नहीं दिया जाएगा।**

7. **हवलदार (शिक्षा) में भर्ती के वर्ग**

1. हवलदार (आई टी/ साइबर)

2. हवलदार (इनफ़ॉरमेशन ऑपरेशन)

3. हवलदार (लिंगविस्ट)

(i) चीनी (ii) रूसी (iii) अरबी

## भाग III: ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सी ई ई)

8. अभ्यर्थियों को पूरे भारत में स्थित कंप्यूटर आधारित टेस्ट सेंटर में से उनके निर्धारित परीक्षा केंद्र पर ही ऑनलाइन सीईई के लिए उपस्थित होना है।

8.1 अभ्यर्थियों को अपना परीक्षा प्रवेश पत्र डाउनलोड करना होगा और उसका रंगीन प्रिंटाउट लेकर परीक्षा केंद्र पर पहुँचना होगा। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पर दिए गए सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ना है और दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना है।

8.2 परीक्षा केंद्र के द्वार परीक्षा के निर्धारित समय से ठीक **डेढ़ घंटे (1½)** पहले खुलेंगे और परीक्षा शुरु होने से ठीक आधे (½)घंटे पहले बंद होंगे। परीक्षा केंद्र के द्वार बंद होने के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश करने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

8.3 परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण / गैजेट निषेध हैं। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर निम्न बातों का ध्यान रखना होगा :-

8.3.1 प्रवेश द्वार पर गहन सुरक्षा जांच होगी।

8.3.2 चेक प्वाइंट पर परीक्षा प्रवेश पत्र और आधार कार्ड की जांच की जाएगी।

8.3.3 परीक्षा हॉल का स्वत: आबंटन होगा।

8.3.4 परीक्षा हॉल के द्वार पर अटेंडेंस/ उपस्थिति होगी।

8.3.5 परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले बायोमैट्रिक डाटा लेना।

8.3.6 आबंटित कंप्यूटर टर्मिनल के लिए लॉगिन आई डी।

8.3.7 प्रक्रिया के अनुसार ही परीक्षा के लिए उपस्थित हों।

8.3.8 परीक्षा हॉल छोड़ने से पूर्व बायोमैट्रिक एग्जिट।

8.4 ऑनलाइन परीक्षा में वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे तथा परीक्षा माउस क्लिक आधारित होगी। आवेदन के वर्ग के अनुसार अभ्यर्थियों को निर्धारित समय सीमा के अंदर प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। अभ्यास के लिए **www.joinindianarmy.nic.in** पर सैम्पल पेपर उपलब्ध हैं।

8.5 ऑनलाइन परीक्षा के लिए अंकन पैटर्न:-

8.5.1 हर सही उत्तर के लिए पूर्ण अंक।

8.5.2 अनउत्तरित प्रश्न के लिए शून्य अंक।

8.5.3 हल किए गए सभी प्रश्नों का मुल्यांकन किया जाएगा, भले ही उन्हें समीक्षा के लिए पुन: चिह्नित किया गया हो।

8.6 ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सी ई ई) में अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंको को सामान्यकृत किया जाएगा (अगर परीक्षा एक से अधिक सत्रों में आयोजित की जाती है) ताकि विभिन्न सत्रों में प्रश्न पत्र के कठिनाई स्तर में भिन्नता को ध्यान में रखा जा सके।

8.7 यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाया जाता है, तो उसे परीक्षा पूरी करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।

8.8 परीक्षा हॉल में इस्तेमाल की गई रफ शीट को परीक्षा हॉल छोड़ने से पहले जमा करना अनिवार्य है। परीक्षा केंद्र के बाहर रफ शीट के साथ पाए जाने वाले किसी भी अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।

9. **परीक्षा पैटर्न:** ऑनलाइन परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे और इसमें निम्नलिखित दो प्रश्न पत्र होंगे :-

| पेपर | अधिकतम कुल अंक | कुल प्रश्न | अंक प्रति प्रश्न | प्रत्येक गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| **लिखित परीक्षा (ऑनलाइन)** | | | | | |
| पेपर-1 (सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, गणितीय योग्यता, तर्कशक्ति) | 50 | 50 | 01 | शून्य | 1 घंटा |
| पेपर -2 ( संबंधित ट्रेड के लिए विशिष्ट विषय) | 100 | 100 | 01 | शून्य | 2 घंटा |
| | | | | **कुल** | 3 घंटा |

10. **न्यूनतम उत्तीर्ण अंक:** उम्मीदवारों के लिए पेपर I और II में न्यूनतम 40%अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। **(दोनों पेपर में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।)** सफल उम्मीदवारों को उपलब्ध रिक्तियों के अनुपात में योग्यता के आधार पर पी एफ टी/ पी एम टी / चिकित्सा जांच में शामिल होने के लिए चयन किया जाएगा।

**टिप्पणी : मात्र ऑनलाइन परीक्षा उत्तीर्ण करने से अभ्यर्थी को भर्ती रैली (शारीरिक दक्षता परीक्षा (पी एफ टी) / शारीरिक मापदंड परीक्षा (पी एम टी) (पी एम टी)/ चिकित्सा जांच) के लिए बुलाए जाने की गारंटी नहीं है।**

## पार्ट IV: भर्ती रैली शारीरिक दक्षता परीक्षा (पी एफ टी) (Physical Fitness Test) / शारीरिक मापदंड परीक्षण (पी एम टी) (Physical Measurement Test) / चिकित्सा जांच)

11. मेधावी और चयनित अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक भर्ती रैली में शामिल होने के लिए जॉइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे। इन चयनित अभ्यर्थियों को शेष भर्ती प्रक्रिया के लिए सैन्य भर्ती कार्यालय की रैली सारणी के अनुरूप एक अन्य प्रवेश पत्र प्रदान किया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया के दूसरे चरण का एडमिट कार्ड जॉइन इंडियन आर्मी के वेब पोर्टल www.joinindianarmy.nic.in पर उम्मीदवार/ कैंडिडेट लॉगिन (प्रोफाइल) के तहत ऑनलाइन डाउनलोड किया जा सकता है। चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर विनिर्दिष्ट भर्ती रैली स्थान पर निम्नलिखित मूल दस्तावेज़/ प्रमाणपत्र और उनकी दो स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ रिपोर्ट करना है :-

11.1 **प्रवेश पत्र** - अच्छी गुणवत्ता वाले कागज पर मुद्रित होना चाहिए (आकार को छोटा न करें।)

11.2 **फोटोग्राफ** – अच्छी गुणवत्ता वाले फोटोग्राफिक कागज पर सफेद पृष्ठभूमि वाले पासपोर्ट साईज के असत्यापित रंगीन फोटोग्राफ की बीस प्रतियाँ जो तीन माह से पुरानी न हो। कम्प्यूटराइज्ड/छाया प्रति/फोटोशाप्ड फोटो स्वीकार्य नहीं होंगी। **फोटो सलीके से कटे बाल तथा बिना दाढ़ी (सिख अभ्यर्थियों को छोड़कर) की होनी चाहिए।**

11.3 **शैक्षणिक प्रमाणपत्र**

11.3.1 अभ्यर्थी द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल/कॉलेज/बोर्ड/विश्व विद्यालय से मैट्रिक/इंटर आदि की सभी शैक्षणिक अर्हताओं की अंक तालिकाओं के साथ शैक्षणिक प्रमाण पत्र।

11.3.2 अनंतिम/ ऑनलाइन शैक्षणिक प्रमाण पत्र संबंधित बोर्ड/विश्वविद्यालय के शैक्षिक संस्थान के प्रमुख द्वारा स्याही से सत्यापित किए गए होने चाहिए।

11.3.3 अभ्यर्थी जिनके पास मुक्त विद्यालय का मैट्रिक प्रमाण पत्र है उन्हें बी ई ओ/ डी ई ओ द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित विद्यालय छोड़ने का प्रमाणपत्र लाना होगा।

11.4 **मूल निवास प्रमाण पत्र -** तहसीलदार/जिला मेजिस्ट्रेट द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण पत्र जिसमें फोटो लगा हो।

11.5 **जाति प्रमाण पत्र** – तहसीलदार/ जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र जिसमें फोटो लगा हो।

11.6 **महाविद्यालय (कॉलेज) चरित्र प्रमाण पत्र** –महाविद्यालय जहाँ अभ्यर्थी ने अंत में पढ़ाई की है, के प्रधानाचार्य द्वारा जारी किया गया चरित्र प्रमाण पत्र।

11.7 **चरित्र प्रमाण पत्र** – ऑनलइन सी ई ई के पश्चात रैली हेतु चयनित अभ्यर्थियों को रैली के समय गॉव के सरपंच/मुनिसिपल कॉर्पोरेशन द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र जिसमें फोटो लगा हो, प्रस्तुत करना होगा। रैली में ले जाने वाले दस्तावेजों हेतु अलग से निर्देश जारी किए जाएँगे।

11.8 **संबंध प्रमाण पत्र** – सेवारत कार्मिकों के पुत्र/सेवा निवृत्त कार्मिकों के पुत्र/विधवा के पुत्र/ वीर नारी के पुत्र अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे :-

11.8.1 संबंधित रिकार्ड कार्यालय द्वारा जारी किया गया संबंध प्रमाण पत्र जो केवल रिकार्ड अधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित हो तथा जिसमें संबंध प्रमाण पत्र को जारी करने वाले रिकार्ड अधिकारी की सेवा संख्या (पर्सनल नम्बर), रैंक, नाम तथा विवरण के साथ कार्यालय की सील/मोहर लगी हो। संबंध प्रमाण पत्र पर संबंधित रिकार्ड का वाटर मार्क होना चाहिए।

11.8.2 अभ्यर्थी द्वारा रैली स्थल पर शपथ पत्र में दिए अनुसार सेवा निवृत्त कार्मिक द्वारा दस रूपए के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर एक घोषणा देनी होगी जो प्रथम श्रेणी/ एक्सीक्यूटिव/ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित हो। **शपथ पत्र का फॉर्मेट परिशिष्ट – क के रूप में संलग्न है।**

11.8.3 सेवा निवृत्त कार्मिक की मूल सेवानिवृत्ति पुस्तिका भी प्रस्तुत करने होंगे। अभ्यर्थी का नाम व जन्म तिथि उसमें रिकार्ड की गई होनी चाहिए।

11.9 **शपथ पत्र** – रैली के स्थल पर अभ्यर्थी को 10/- रुपये के गैर-न्यायिक स्टांप पेपर पर नमूना रूप में विधिवत हस्ताक्षरित तथा नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र अवश्य जमा करना होगा। **शपथ पत्र का फार्मेट परिशिष्ट – ख के रूप में संलग्न है।** रैली में प्रवेश हेतु शपथ पत्र जमा करना अनिवार्य है। बिना शपथ पत्र वाले रैली में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी।

11.10 **पैन कार्ड एवं आधार कार्ड** – वेतन तथा भत्तों एवं अन्य सामाजिक लाभकारी योजनाओं के लिए अंतिम रूप से नामांकन हेतु पैन कार्ड तथा आधार कार्ड अनिवार्य दस्तावेज हैं।

11.11 पुलिस द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र।

11.12 सरपंच/नगर सेवक (निवास साक्ष्य)।

12. **शारीरिक दक्षता परीक्षा (पी एफ टी)** – छंटनी प्रक्रम के तहत, अभ्यर्थी को शारीरिक दक्षता परीक्षा से गुजरना होगा अभ्यर्थी को सभी शारीरिक दक्षता परीक्षाओं में **उत्तीर्ण** होना आवश्यक है। शारीरिक दक्षता परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों को **अंतिम मेरिट सूची के निर्धारण में शामिल नहीं किया जाएगा।** वर्तमान में निर्धारित मानकों के अनुसार निम्नलिखित परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा :–

| **क्रम संख्या** | **शारीरिक दक्षता परीक्षा** | |
|---|---|---|
| 1 | 1.6 किलोमीटर दौड़ | अधिकतम समय : 06 मिनट 20 सेकंड |
| 2 | पुल अप (बीम) | न्यूनतम 06 पुल अप |
| 3 | जिग जैग संतुलन | उत्तीर्ण होना अनिवार्य |
| 4 | 9फीट खाई | उत्तीर्ण होना अनिवार्य |

13. **चिकित्सा परीक्षा**

13.1. जो अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षण और शारीरिक माप परीक्षण (केवल ऊंचाई, वजन और छाती) में उत्तीर्ण होंगे, उनका चिकित्सा परीक्षण रैली स्थल पर सेना की मेडिकल टीम द्वारा वर्तमान सेना चिकित्सा मानकों और नीतियों के अनुसार किया जाएगा। शारीरिक माप परीक्षण (PMT) के दौरान कम वजन या अधिक वजन वाले अभ्यर्थी आगे की भर्ती प्रक्रिया में शामिल रहेंगे और उनका वजन फिर से सेना की मेडिकल टीम द्वारा जांचा जाएगा। वजन मानदंड में चिकित्सकीय रूप से अयोग्य पाए गए अभ्यर्थियों को निकटतम मिलिट्री हॉस्पिटल/कमांड हॉस्पिटल/बेस हॉस्पिटल में रिव्यू मेडिकल के लिए रिपोर्ट करने हेतु 21 दिन का समय दिया जाएगा।

13.2. रैली स्थल पर अयोग्य घोषित अभ्यर्थियों को मिलिट्री हॉस्पिटल (MH)/बेस हॉस्पिटल (BH)/कमांड हॉस्पिटल (CH) में विशेषज्ञ द्वारा समीक्षा (Review) का अवसर दिया जाएगा। जो अभ्यर्थी समीक्षा चिकित्सा परीक्षा का लाभ लेना चाहते हैं, उन्हें निर्धारित मिलिट्री हॉस्पिटल/बेस हॉस्पिटल/कमांड हॉस्पिटल में रिपोर्ट करना होगा। अभ्यर्थी को रैली मेडिकल परीक्षा के बाद 21 दिनों के भीतर या मेडिकल ऑफिसर द्वारा तय की गई तिथि पर MH/BH/CH में उपस्थित होना होगा। MH/BH/CH का स्थान ARO/मेडिकल ऑफिसर द्वारा ई-मेल या SMS के माध्यम से अभ्यर्थियों को सूचित किया जाएगा।

13.3. प्रारंभिक मेडिकल परीक्षा, रिव्यू मेडिकल और भर्ती से पहले होने वाली मेडिकल जांच में अभ्यर्थी को फिट या अनफिट घोषित करने का अंतिम अधिकार भर्ती मेडिकल ऑफिसर और सशस्त्र बलों के विशेषज्ञ डॉक्टरों का होगा। सेना के मेडिकल मानक सिविल मानकों से अलग हो सकते हैं। **रिव्यू मेडिकल के बाद किसी भी प्रकार की अपील या पुनः समीक्षा का प्रावधान नहीं है।**

13.4**.** मेडिकल परीक्षा में उतीर्ण होना भारतीय सेना में नौकरी पाने को सुनिश्चित नहीं करता है।

13.5. **अभ्यर्थियों को अपने हित में सलाह दी जाती है कि चयन के लिए आने से पहले विशेष रूप से फ्लैट फुट )समतल पैर(, कमजोर दृष्टि, शारीरिक विकृतियों और शारीरिक मापदंडों के संबंध में अपना मेडिकल परीक्षण करवा लें। सभी को यह भी सलाह दी जाती है कि रैली से पहले डॉक्टर से अपने कानों की सफाई करवा लें ताकि कानों में मैल (वैक्स) न हो।** .

13.6. **मेडिकल की वैधता:** यदि रैली की मेडिकल जांच और भर्ती के बीच **270 दिन या उससे अधिक** का अंतर हो जाता है, तो मेडिकल फिर से होगा। इस रिव्यू में अनफिट पाए गए उम्मीदवार भर्ती नहीं होंगे।

13.7. कॉन्टैक्ट लेंस के उपयोग की अनुमति नहीं है।

**टिप्पणी : भारतीय सशस्त्र बलों से किसी भी कारणवश सेवा से बर्खास्त अभ्यर्थी, चयन परीक्षा में शामिल होने के पात्र नहीं हैं।**

## भाग V : अभिक्षमता कौशल परीक्षा तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार

14. **साक्षात्कार**

14.1 उपलब्ध रिक्तियों के अनुपात में भर्ती प्रक्रिया के फेज-II (शारीरिक दक्षता परीक्षा तथा चिकित्सा) में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सेना शिक्षा कोर प्रशिक्षण महाविद्यालय तथा केन्द्र, पंचमढ़ी (मध्यप्रदेश) में होने वाले साक्षात्कार हेतु चयनित किया जाएगा।

14.2 साक्षात्कार हेतु चयनित अभ्यर्थियों को ई-मेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा तथा उनके रोल नंबर जॉइन इंडियन आर्मी वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को कॉल लेटर में दी गयी तिथि / समय पर सेना शिक्षा कोर प्रशिक्षण महाविद्यालय तथा केन्द्र, पंचमढ़ी (मध्य प्रदेश) में रिपोर्ट करना होगा। तिथि के परिवर्तन हेतु कोई अनुरोध स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।

14.3 सशस्त्र सेना में सेवा हेतु अभ्यर्थी का योग्यता मूल्यांकन उनके सामान्य ज्ञान, विषय में पारंगता/अभिक्षमता कौशल आधार पर किया जाएगा।

14.4 साक्षात्कार में 50 में से न्यूनतम 25 अंक (50%) प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को अर्हता प्राप्त किया माना जाएगा।

## भाग VI : अंतिम मेरिट सूची तथा प्रशिक्षण हेतु बुलावा (कॉल अप)

15. अंतिम मेरिट सूची अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा (पेपर I एवं II) तथा अभिक्षमता कौशल (एप्टीट्यूड स्किल) परीक्षा/साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी। विभिन्न श्रेणियों की मेरिट सूची अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के आधार पर बनाई जाएगी।

16. सफल अभ्यर्थियों को रेजिमेंटल केन्द्र में आगे के प्रशिक्षण हेतु ई मेल/बुलावा (कॉल अप) पत्रों के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

## भाग VII : अन्य आवश्यक निर्देश

### भर्ती हेतु नियम व शर्तें

17. अभ्यर्थी को 24 वर्षों की प्रारम्भिक सेवा अवधि हेतु नामांकित किया जाएगा जिसे स्क्रीनिंग द्वारा 2 वर्षों के लिए अथवा 49 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, बढ़ाया जा सकता है।

18. अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को हवलदार(शिक्षा) के तौर पर नामांकित किया जाएगा तथा उन्हें सेना शिक्षा कोर प्रशिक्षण महाविद्यालय तथा केन्द्र, पंचमढ़ी (मध्यप्रदेश) में **उन्नीस सप्ताह** के मूल प्रशिक्षण तथा केन्द्र, पंचमढ़ी (मध्य प्रदेश) में **चौंतीस सप्ताह** के उन्नत सैन्य प्रशिक्षण से गुजरना होगा जिसमें विभिन्न संस्थानों में "ऑन जॉब प्रशिक्षण" (ओ जे टी) शामिल हैं।

19. **परिवीक्षा.** ऑन जॉब प्रशिक्षण की अवधि के दौरान अभ्यर्थी परिवीक्षाधीन रहेगा। परिवीक्षा अवधि के दौरान यदि यह रिपोर्ट किया जाता है कि अभ्यर्थी दक्ष सैनिक के रूप में सेवा जारी नहीं रख सकता, तो उसकी सेवा को परिवीक्षा अवधि की समाप्ति से पहले या बाद किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है।

20. **तैनाती तथा नियुक्ति** – सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार अभ्यर्थी भारत या विदेश में किसी भी स्थान पर सेवा देने हेतु उत्तरदायी है। वर्तमान नियम व शर्तों के अधीन प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक समापन पर अभ्यर्थी को हवलदार (शिक्षा) के रैंक में गैर कमीशन अधिकारी के तौर पर कमीशन किया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि सहित किसी भी समय अस्वीकृता दी जा सकती है।

21. उपरोक्त सभी निबन्धन व शर्तें, रिक्तियाँ तथा चयन पद्धति समय समय पर बदली जा सकती हैं**। केवल अविवाहित पुरूष** भारतीय नागरिक अभ्यर्थी ही आवेदन करने के पात्र हैं।

### 22. अभ्यर्थियों हेतु महत्त्वपूर्ण निर्देश

22.1 अपेक्षित शैक्षणिक पात्रता, शारीरिक/चिकित्सा मानक तथा सेवा (जॉब) संबंधी विवरण www.joinindianarmy.nic.in पर अभ्यर्थी द्वारा लॉग इन करने पर उपलब्ध है तथा यह सूचना अभ्यर्थी बिना साइन इन (Sign in) किए प्राप्त कर सकता है।

22.2 "पंजीकरण तथा आवेदन कैसे करें" एवं "ऑन लाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा में कैसे सम्मिलित हों" (सी ई ई) विषय पर एनिमेटेड विडियो www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध हैं।

22.3 जॉइन इंडियन आर्मी (joinindianarmy) वेबसाइट पर अभ्यर्थियों को उनकी श्रेणी के अनुसार ऑन लाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा में अभ्यास करने हेतु श्रेणीवार लिंक प्रदान किए गए हैं। सभी अभ्यर्थियों को वास्तविक सामान्य प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने से पूर्व एक बार अभ्यास की सलाह दी जाती है। इसके अतिरिक्त संदर्भ हेतु अभ्यास पेपर भी जॉइन इंडियन आर्मी (joinindianarmy) वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

22.4 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र की रंगीन प्रति के साथ परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना है। परीक्षा स्थल पर प्रारंभिक सत्यापन के दौरान या चयन प्रक्रिया के आगामी चरणों में कोई असंगति/अनियमितता/असत्य जानकारी पाए जाने पर अभ्यर्थियों के ऑन लाइन परीक्षा में सम्मिलित होने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

22.5 अभ्यर्थी जब भी चयन परीक्षा (चरण – I, II तथा III ) एवं चिकित्सा परीक्षा हेतु रिपोर्ट करें तो उन्हें पहचान के साक्ष्य के रूप में आधार कार्ड (जैसा प्रवेश पत्र में दर्शाया गया हो) को साथ में लाना होगा।

22.6 **पंजीकरण हेतु हेल्प डेस्क.** पंजीकरण प्रक्रिया से संबंधित सभी प्रश्नों का समाधान देने हेतु एक हेल्प डेस्क सक्रिय हो जाएगी। अभ्यर्थी हेल्प डेस्क नंबर **9513252885** पर संपर्क कर सकते हैं जो **सोमवार से शनिवार (राष्ट्रीय अवकाश को छोड़कर) सुबह 9 बजे से दोपहर 13:30 बजे तथा 02 बजे से 05 बजे तक** सक्रिय रहेगी। ऑनलाइन आवेदन संबंधी किसी भी प्रश्न हेतु ई मेल आई डी wm.joinindianarmy@gov.in पर मेल किया जा सकता है। हेल्प डेस्क **30 जनवरी 2026 से 30 जून 2026** तक सक्रिय रहेगी।

23. **अन्य निर्देश**

23.1 मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों की सूची यूजीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर दिए अनुसार है।

23.2 अभ्यर्थी की आयु योग्यता के निर्धारण हेतु **01 जुलाई 2027** को प्रभावी तिथि के तौर पर माना जाएगा।

23.3 निजी ई मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर **अनिवार्य** है। चयन सूची/कॉल लेटर/नियुक्ति निर्देश/परिणाम इत्यादि सभी पत्राचार ई मेल आई डी/ मोबाइल नंबर पर किए जाएँगे। **ई मेल आई डी तथा मोबाइल नम्बर** को सामान्य करने की अनुमति नहीं है। भविष्य में प्रयोग **हेतु यूजर नेम तथा पासवर्ड** को याद रखें। (यदि दिए गए ई मेल/मोबाईल नम्बर गलत हैं /बदल जाते हैं तो अभ्यर्थियों तक आवश्यक सूचना न पहुँचने की जिम्मेदारी सेना भर्ती अधिकारी की नहीं होगी। डाक सेवाओं के माध्यम से कोई संचार नहीं किया जाएगा।

23.4 अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम तथा जन्म तिथि पूर्णत: मैट्रिक/10वीं कक्षा बोर्ड प्रमाण पत्र के अनुसार ही दर्ज की जानी चाहिए।

23.5 अभ्यर्थी द्वारा संपर्क ब्यौरा तथा स्थायी घर का पता पूर्णत: सब डिविजनल मजिस्ट्रैट/जिला मजिस्ट्रैट द्वारा जारी किए गए मूल निवास/स्थायी निवास प्रमाण पत्र के अनुसार ही दर्ज किया जाना चाहिए।

23.6 अभ्यर्थी जो किसी सरकारी संगठन में सेवारत हैं तथा साक्षात्कार के लिए चयनित किए जाते हैं, उन्हें अपने नियोक्ता से **"अनापत्ति प्रमाण पत्र"** प्राप्त कर आंचलिक भर्ती कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

23.7 **ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें रैली के 10 दिन पूर्व तक प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं हुआ है, वे अपने जिले के सेना भर्ती कार्यालय (ए आर ओ) से इस संबंध में स्पष्टीकरण हेतु संपर्क कर सकते हैं।**

23.8 **अभ्यर्थी को रैली स्थल पर प्रवेश केवल आधिकारिक वेबसाईट www.joinindianarmy.nic.in से ऑन लाइन जारी प्रवेश पत्र की दो प्रतियॉ प्रस्तुत करने पर ही दिया जाएगा। नकली प्रवेश पत्र वाले व्यक्ति को सिविल पुलिस को सौंप दिया जाएगा।**

23.9 अभ्यर्थियों को रैली आयोजनकर्ता सेना भर्ती कार्यालय द्वारा निर्धारित तिथियों को विनिर्दिष्ट समय पर रैली स्थल पर रिपोर्ट करना है। विनिर्दिष्ट समय के बाद तथा बिना उचित कारण के रिपोर्ट करने वाले अभ्यर्थियों को रैली में सम्मिलित नहीं होने दिया जाएगा। **अभ्यर्थियों को दाढ़ी-मूँछ हटाकर (सिख अभ्यर्थियों को छोड़कर) क्लिन शेव आना है ।**

23.10 अभ्यर्थियों को पहचान साक्ष्य के रूप में **आधार कार्ड** लाना है जिसकी सत्यता की जांच रैली स्थल पर बायोमैट्रिक के माध्यम से की जाएगी। अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके **आधार** का ब्यौरा उनके दस्तावेजों तथा ऑन लाइन आवेदन के ब्यौरे से मेल खाए।

23.11 जिनके पास आवश्यक दस्तावेज नहीं होंगे उन्हें रैली में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

23.12 ओवरराइटिंग, मोहरों के साथ छेड़छाड़ या किसी प्रकार के मिटान/परिवर्तन वाले प्रमाण पत्रों को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

23.13 जारीकर्ता प्राधिकारी द्वारा यदि अभ्यर्थी के चरित्र प्रमाण पत्र पर अभिप्रमाणित फोटो नही पाया गया तो उस चरित्र प्रमाण पत्र को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

23.14 रैली स्थल पर मोबाइल फोन की अनुमति नहीं हैं।

23.15 रैली स्थल पर विभिन्न चरणों पर पहचान हेतु सभी अभ्यर्थियों को शारीरिक बालों की (दाढ़ी, छाती के बाल, कांख के बाल, जननांगो पर मौजूद बाल एवं गले पर मौजूद बाल (सिक्ख अभ्यर्थियों को छोडकर) उचित रुप से क्लीन शेव कर रिपोर्ट करना चाहिए जिसमें विफल होने पर अभ्यर्थी को भर्ती रैली में सहभागिता से वर्जित किया जा सकता है।

23.16 अभ्यर्थियों को आवश्यकतानुसार दो से तीन बार रैली स्थल पर उपस्थित होना पड़ सकता है। अभ्यर्थियों को अपने ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

23.17 **अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र में उल्लिखित तिथि के अनुसार रैली के लिए आना चाहिए।**

23.18 **टैटू** जनजातीय समुदायों/जनजातीय क्षेत्रों से संबंध रखने वाले अभ्यर्थियों को अपने समुदाय की मौजूदा परंपराओं एवं रीति रिवाजों के अनुसार शरीर के किसी भी हिस्से पर स्थायी शारीरिक टैटू रखने की अनुमति है। ऐसे अभ्यर्थियों को केवल निम्नांकित दो प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही इसकी अनुमति प्रदान की जाएगीः-

23.18.1. अभ्यर्थियों द्वारा स्वयं हस्ताक्षरित स्वयं प्रमाणित प्रमाण पत्र **परिशिष्ट "ग"** के रूप में संलग्न है।

23.18.2. जिस जिला/तहसील में अभ्यर्थियों की जनजाति वर्तमान तौर पर बसी हुई है वहाँ के डीसी/डीएम या एसडीएम द्वारा हस्ताक्षरित एक जनजातीय समुदाय से संबंधित एवं स्थायी शारीरिक टैटू की अनुमति का प्रमाण पत्र **परिशिष्ट "घ"** के रूप में संलग्न है (संबंधित अधिकारी का नाम एवं पद आवश्यक तौर पर स्पष्ट रूप से उल्लिखित होना चाहिए)।

23.18.3. धार्मिक भावना के स्थायी शारीरिक टैटू की अनुमति बांह के पहले हिस्से की आंतरिक सतह अर्थात कोहनी के पीछे से कलाई तक एवं हाथ की हथेली/पीछे (पृष्ठीय) हिस्से पर है। शरीर के किसी अन्य हिस्से पर स्थायी टैटू स्वीकार्य नहीं है एवं अभ्यर्थी को आगे की चयन प्रकिया से वंचित कर दिया जाएगा।

24 **कार्य प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं का उपयोग/ किसी भी प्रकार के कार्य निष्पादन प्रवर्धित करने वाली दवाइयां सख्त तौर पर वर्जित हैं। इन चीजों के किसी अभ्यर्थी के पास पाए जाने पर या इसके प्रभाव में पाए जाने वाले अभ्यर्थी को आगे की चयन प्रक्रियाओं से वंचित कर दिया जाएगा।**

25. जब तक अभ्यर्थी प्रशिक्षण हेतु आवंटित रेजीमेंटल/कोर प्रशिक्षण केन्द्र में रिपोर्ट नहीं करते हैं एवं उनका नामांकन फॉर्म नहीं भरा जाता है तब तक उनका चयन अस्थायी होता है।

26. **अंतिम परिणाम की घोषणा अधिकारिक वेबसाइट joinindianarmy.nic.in पर की जाएगी।** अभ्यर्थी को अलग से कोई भी पत्र नहीं भेजा जाएगा। यह अभ्यर्थी की जिम्मेंदारी है कि वह परिणाम की जानकारी ले एवं आगे की औपचारिकताओं के लिए भर्ती कार्यालय (एआरओ) को रिपोर्ट करें।

27. **दलाली**. पूर्व में बहुत से अभ्यर्थियों को दलाली, जाली दस्तावेजों/छद्मवेशीकरण का शिकार होते देखा गया है एवं ऐसे सौदेबाजी में उन्होंने अपनी अभ्यर्थिता खो दी है दलालों द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली चालबाजियाँ निम्नांकित हैः-

27.1. रैली के विभिन्न चरणों के दौरान जाली पीएफटी पर्चियों/ छद्मवेशीकरण जारी करना। जाली भर्ती रैली का संचालन।

27.2. जो अभ्यर्थी प्रारंभिक चरण में उपयुक्त घोषित हुए उनसे वास्तविक प्रमाणपत्र छीन लेना एवं उसके बाद उनका शोषण करना।

27.3. ऐसी दलील के अंतर्गत अभ्यर्थियों से "प्रवेश पत्र" ले लेना कि उनके परिणाम के पश्चात उन्हें संपर्क किया जाएगा।

27.4. उचित स्तरों पर जान-पहचान के दावे पर अभ्यर्थियों को "भर्ती" का गलत आश्नवासन देना और इस प्रकार अभ्यर्थियों का विश्वास जीतना।

27.5. एक बार कोई अभ्यर्थी अपने प्रयासों से सफल हो जाता है इसके बावजूद दलाल उसे वास्तविक प्रमाण पत्रों के बदले पैसे की मांग करते हैं।

28. थलसेना में भर्ती एक निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया है। अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे भर्ती लिए किसी को भी रिश्वत न दें क्योंकि यह निष्पक्ष रुप से योग्यता पर आधारित है। भर्ती के दौरान चयन प्रक्रियाएं सभी स्तरों पर स्वचालित होती हैं। इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे जालसाजों के प्रति जागरूक रहें क्योंकि किसी भी स्तर पर वे उनकी मदद नहीं कर सकते।

29. रिश्वत देना/लेना जाली/फर्जी प्रमाण पत्रों को प्रस्तुत करना एवं अनुचित साधनों का प्रयोग करना एक अपराधिक गतिविधि है एवं ऐसा करने वाला कानून के अंतर्गत दंड का भागी है। ऐसे अभ्यर्थियों को तत्काल प्रभाव से नगर पुलिस को सौंप दिया जाएगा एवं उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

30. **अभ्यर्थियों को सेना में नामांकित किए जाने से पूर्व उनके द्वारा जाँच की जाती है। जाली दस्तावेज प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। भर्ती के बाद भी यदि यह पाया गया की अभ्यर्थी ने भर्ती के समय जाली दस्तावेज प्रस्तुत किये थे या गलत जानकारी प्रस्तुत की थी तो वर्षों की सेवा अवधि के बावजूद उसकी नौकरी समाप्त की जा सकती है।**

31. रैली के दौरान मृत्यु/चोट/क्षति आदि की कोई भी क्षतिपूर्ति एवं यात्रा के लिए कोई भी यात्रा भत्ता/मंहगाई भत्ता स्वीकार्य नहीं है। सभी अभ्यर्थी रैली में अपनी जिम्मेंदारी पर भाग लेंगे एवं सहभागिता पूर्णरूपेण ऐच्छिक है। क्षतिपूर्ति बंध पत्र पर हस्ताक्षर एक अनिवार्य आवश्यकता है।

32. **भर्ती मुख्यालयों के डाक पता**

| **क्र.सं** | **पता** | **राज्य ,केंद्रशासित प्रदेश एवं जिला** |
|---|---|---|
| 1. | मुख्यालय भर्ती क्षेत्र ,अंबाला ,चंद्रशेखर मार्ग , अंबाला कैंट -133001 | हरियाणा (फरीदाबाद, गुरुग्राम, मेवात एवं पलवल को छोड़कर) तथा हिमाचल प्रदेश |
| 2. | मुख्यालय भर्ती क्षेत्र ,बंगलुरु 148, फील्ड मार्शल केएम करियप्पा मार्ग बेंगलुरु - 560025 | कर्नाटक ,केरल एवं लक्षद्वीप |
| 3. | मुख्यालय भर्ती क्षेत्र ,चेन्नई फोर्ट सेंट जॉर्ज ,चेन्नई -600009 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप ,आंध्र प्रदेश , पुडुचेरी एवं तमिलनाडू |
| 4 | मुख्यालय भर्ती क्षेत्र ,दानापुर ,दानापूर कैंट - 801503 | बिहार एवं झारखंड |
| 5 | स्वतंत्र भर्ती कार्यालय ,दिल्ली कैंट ,दिल्ली कैंट - 110010 | दिल्ली ,फरीदाबाद ,गुरुग्राम ,मेवात एवं पलवल |
| 6 | मुख्यालय भर्ती क्षेत्र ,जबलपुर टी – 23 रिज रोड़ ,<br>जबलपुर - 482001 | छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश राज्य |
| 7. | मुख्यालय भर्ती क्षेत्र ,जयपुर शास्त्री नगर , पोस्ट बॉक्स नः -35 ,जयपुर ,राजस्थान | राजस्थान |
| 8. | मुख्यालय भर्ती क्षेत्र ,जालंधर ,जालंधर कैंट - 144005 | जम्मू एवं कश्मीर एवं पंजाब |
| 9. | मुख्यालय भर्ती क्षेत्र ,कोलकाता 1 गोखले रोड़ , कोलकाता - 700020 | उड़ीसा ,सिक्किम एवं पश्चिम बंगाल |
| 10. | मुख्यालय भर्ती क्षेत्र ,लखनऊ 236 एम जी रोड़ लखनऊ कैंट - 226002 | उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड |
| 11. | मुख्यालय भर्ती क्षेत्र ,पुणे – 3 ,राजेन्द्र सिंह जी रोड़,<br>पुणे - 410001 | दादर एवं नगर हवेली दमन एवं दीव , गोवा ,गुजरात एवं महाराष्ट्र |
| 12. | मुख्यालय भर्ती क्षेत्र ,शिलांग ,शिलांग - 793001 | अरुणाचल प्रदेश ,असम ,मणिपुर , मेघालय ,मिजोरम ,नागालैंड एवं त्रिपुरा |

**घोषणा**

| |
|---|
| ***विज्ञापन में दिए गए नियम एवं शर्तें केवल दिशा-निर्देश हैं एवं सरकार द्वारा जारी समय-समय पर यथासंशोधित आदेश चयनित अभ्यर्थियों पर लागू होंगे।*** |

| |
|---|
| ***ऑनलाइन सीईई के लिए भारतीय सेना के पास अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर परीक्षा केंद्रों को बढ़ाने अथवा घटाने का अधिकार सुरक्षित है एवं इस मामले में अभ्यर्थियों को उनके द्वारा विनिर्दिष्ट परीक्षा केंद्र के अलावा अन्य परीक्षा केंद्र में भी उपस्थित होने का निर्देश दिया जा सकता है।*** |

| |
|---|
| ***भारतीय सेना के पास किसी भी चरण में बिना कारण बताए संपूर्ण चयन प्रक्रिया निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।*** |

| |
|---|
| ***परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के अनाचारों / अनुचित इरादों में संलग्न पाए गए अभ्यर्थियों को स्थाई तौर पर परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा।*** |

| |
|---|
| ***पंजीकरण के दौरान प्रविष्ट कि गई अंतिम होगी एवं बाद में किसी भी परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। गलत जानकारी की प्रविष्टि से अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी।*** |

| |
|---|
| **अधिसूचना में किसी भी प्रकार की विसंगति या अस्पष्टता होने की स्थिति में, अंग्रेज़ी भाषा में जारी की गई अधिसूचना को ही अंतिम एवं बाध्यकारी माना जाएगा।** |

**परिशिष्ट 'क'**
(इस अधिसूचना का पैरा 11.8.2 देखें)

## शपथपत्र के लिए फॉर्मेट

अभ्यर्थी की अपने पिता/माता/ भाई के साथ संयुक्त फोटोग्राफ
प्रायोजक द्वारा स्व-सत्यापित

1. मैं, सं................................रैंक............................ नाम............................ यूनिट .........., एतदद्वारा घोषणा करता/ करती हूँ कि (अभ्यर्थी का नाम) ......................... जिसकी फोटो ऊपर लगी है, मेरा पुत्र है।

2. अभ्यर्थी का ब्योरा निम्नलिखित हैः-
    2.1 अभ्यर्थी का नामः
    2.2 आवेदक के साथ संबंधः
    2.3 पिता का नामः
    2.4 माता का नामः
    2.5 पताः
    2.6 जन्म तिथि..............................जन्म प्रमाण पत्र सं ....................के आधार पर ..............द्वारा जारी (जारीकर्ता प्राधिकारी) और मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र सं ...............शिक्षण बोर्ड.................द्वारा निर्गत।

3. अन्य संतान (पुत्रों) का विवरण इस प्रकार हैः-

| **क्रम सं** | **नाम** | **पेशा** | | | **अभ्युक्ति** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **विद्यार्थी (कक्षा)** | **रोजगार** | | |
| | | | **सिविलियन** | **सैन्य** | |
| | | | | | |

4. मैं यह वचन देता/ देती हूँ कि यदि उपर्युक्त पैरा 1 से 3 में मेरे द्वारा की गई कोई भी घोषणा किसी स्तर पर गलत/ झूठ पाई जाती है तो मुझे सेना अधिनियम या किसी अन्य कानून के तहत दंडित किया जाए।

5. मैं पूर्णतः अवगत हूँ कि मैं अपने पुत्र का नामांकन नियमित कैडर के अंतर्गत करा रहा हूँ जो नियम और शर्तों का पालन करेगा।

**दिनांक**

**(सेवारत सैनिक/ भूतपूर्व सैनिक के हस्ताक्षर)**
**आर्मी सं, रैंक, यूनिट का नाम**

**प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अथवा नोटरी के हस्ताक्षर**

**परिशिष्ट 'ख'**

(इस अधिसूचना का पैरा 11.9 देखें)

**गैर न्यायिक स्टांप पेपर (रु 10)**
**(शपथ पत्र हेतु निर्धारित फॉर्मेट)**

1. मैं, नाम ............................. सुपुत्र ........................... सेना में (शिक्षा) हवलदार के पद पर नामांकन के लिए आवेदन के समय निम्नलिखित के संबंध में पुष्टि एवं घोषणा करता हूँ

1.1 मैं निम्नलिखित जाति/ धर्म से संबंध रखता हूँ

जाति..........उपजाति.................धर्म................

| पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएं (4.5 सेमी x 3.5 सेमी) |
|---|

1.2 मेरा स्थानीय पता इस प्रकार हैः

1.2.1 **स्थायी निवास पता**

पिता का नाम.............................. मकान सं.........................

गांव/ मोहल्ला............................ तहसील........................................

जिला.......................................... राज्य ..............................................

1.2.2 **पत्राचार का पता**

पिता का नाम................................ मकान सं.........................................

गांव/ मोहल्ला.................................. तहसील.......................................

जिला............................................ राज्य..........................................

1.2.3 मैं पूर्णतः अवगत हूँ कि मेरा नामांकन होने की स्थिति में मेरे उपर्युक्त स्थायी पते और पिछले पाँच वर्षों में मैं जहाँ भी रहा हूँ उन सभी जगहों पर पुलिस तथा सिविल प्रशासन द्वारा मेरे चरित्र और पूर्ववृत्तों का विस्तृत सत्यापन किया जाएगा।

पिछले पाँच वर्षों के दौरान मेरे निवास का पता इस प्रकार हैः-

| **क्रम सं** | **से** | **तक** | **पूरा आवासीय पता जैसे कि मकान सं, लेन/ गली/ रोड, गाँव/ शहर/ मोहल्ला, थाना, डाकघर, तहसील व जिला** |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |
| 5 | | | |

1.3 मैं अविवाहित हूँ।

मैं एतदद्वारा प्रमाणित करता हूँ कि मैं किसी भी सिविल/ आपराधिक मामले में शामिल नहीं हूँ

**अथवा**

मैं निम्नलिखित मामले में शामिल था लेकिन मुझे दोषमुक्त कर दिया गया हैः-

.................................... ....................................................

**अथवा**

निम्नलिखित न्यायिक मामले/ एफ आई आर मेरे खिलाफ लंबित हैं----

----------------- -------------------

1.4 मैंने किसी हिंसक विरोध प्रदर्शन/ आगजनी/ सरकारी संपत्ति को नुकसान जैसी गतिविधि में भाग नहीं लिया है।

1.5 **सहमति प्रमाण पत्र -** मैं 18 वर्ष से कम आयु का हूं और मेरे माती-पिता ने सैन्य भर्ती रैली में भाग लेने (यदि लागू हो) के लिए सहमति दे दी है।

पिता के हस्ताक्षर ------

2. मुझे मालूम है कि एक भर्ती वर्ष ( 01 जनवरी से 31 दिसम्बर) में प्रत्येक जिले में केवल एक भर्ती अभियान आयोजित किया जाता है, इसलिए अपने गृह नगर/ निवास प्रमाण पत्र के आधार पर प्रत्येक भर्ती वर्ष में केवल एक ही बार अपने गृह जिले में भर्ती अभियान में भाग लोने का हकदार हूं। मैं भलीभांति समझता हूं कि यदि मैं उसी भर्ती वर्ष में किसी अन्य जिले के निवास प्रमाण पत्र के आधार पर किसी अन्य भर्ती अभियान में भाग लेता हूं तो मेरी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और यदि मेरा नामांकन हो भी जाता है, तो मुझे सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

3. मैं _____ (राज्य सरकार का नाम बताएं) द्वारा जारी किए गए जन्म स्थान/निवास स्थान प्रमाण-पत्र के आधार पर इस भर्ती अभियान में भाग ले रहा हूँ। इस संबंध में ब्योरा निम्नलिखित है :-

| क्रम संख्या | प्रमाण पत्र संख्या | जारी करने की तारीख | वैधता | जारीकर्ता प्राधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

4. मेरे पिछले पैतृक निवास प्रमाण-पत्र (यदि कोई हो) का विवरण नीचे दिया गया है:-

| क्रम संख्या | जिला | द्वारा जारी | जारी करने की तारीख | वर्तमान स्थिति )वैध/अमान्य( |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

5. मैं एतदद्वारा प्रमाणित करता हूँ कि मैंने निम्नलिखित सैन्य भर्ती रैलियों/अभियानों में भाग लिया है:-

| क्रम संख्या | भर्ती रैली का स्थान | सैन्य भर्ती कार्यालय | माह और वर्ष | श्रेणी जिसमें आवेदन किया है | प्रयुक्त पैतृक निवास स्थान प्रमाण-पत्र पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

6. मैं यह वचन देता हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेज सही हैं। सरकारी संगठनों/ कार्यालयों द्वारा जारी सभी दस्तावेज अधिकृत नामित/ सरकारी अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित हैं। यदि किसी भी स्तर पर कोई भी दस्तावेज फर्जी पाया जाता है या मेरे द्वारा गलत जानकारी दी जाती है, मैं पूर्णतया अवगत हूँ कि मुझे सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा और मेरे खिलाफ एफ आई आर दर्ज की जाएगी।

**नोटरी के हस्ताक्षर ---------** **अभ्यर्थी के हस्ताक्षर------------**

## परिशिष्ट 'ग'

(इस अधिसूचना का पैरा 23.18.1.देखें)

## शरीर पर टैटू का प्रमाण पत्र

**1.** मैं, ---------------- (अभ्यर्थी का नाम), सुपुत्र ------------- (पिता का नाम) एतद्द्वारा वचन देता हूं कि मेरे शरीर पर नीचे दिए तथा ऊपर फोटो में दर्शाए अनुसार टैटू है। मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मैं भविष्य में कोई अन्य टैटू नहीं बनवाऊंगा।

| |
|---|
| टैटू का / के फोटोग्राफ (पोस्टकार्ड आकार)<br>आकार – 4" × 6" |

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

स्थान:
दिनांक :

**प्रतिहस्तारक्षरित**

स्थान:
दिनांक :

**परिशिष्ट 'घ'**

(इस अधिसूचना का पैरा 23.18.2.देखें)

**आदिवासी समुदायों के अभ्यर्थियों के लिए स्थायी शारीरिक टैटू के संबंध में प्रमाण पत्र ( प्रत्येक टैटू के लिए एक प्रमाण पत्र)**

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि ---------- (अभ्यर्थी का नाम), जिसके जन्म की तारीख----------है, ------------ (पिता/माता/अभिभावक, जो लागू हो का नाम) का सुपुत्र है और ये ----------- (जिले का नाम) में ------------ (राज्य का नाम) में रहते हैं और --------- समुदाय की जनजाति (जनजाति समूह का नाम) से संबंध रखते हैं।

2. यह प्रमाणित किया जाता है कि ---------- (अभ्यर्थी का नाम) के शरीर के निम्नलिखित भागों पर गुदे हुए टैटू -------जनजाति के प्रचलित रीति-रीवाजों और परमपराओं के अनुसार हैं और आजतक प्रचलन में हैं:

| **क्रम सं.** | **शरीर का अंग** | **टैटू का आकार** |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |

टैटू की कुल संख्या _______ (अंकों में) _______ (शब्दों में)

3. परिशिष्ट 'ग' के पैरा 2 में दिए अनुसार प्रत्येक टैटू के आकार की तस्वीरें सही हैं और भविष्ट में संदर्भ / रिकार्ड के लिए नीचे दी गई हैं :-

| **टैटू की तस्वीरें** | **टैटू का विवरण** |
|---|---|
| यहां पोस्टकार्ड के आकार (4" x 6") का कागज चिपकाएं ,जिस पर अभ्यर्थी और प्रमाणपत्र जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर और नाम हों। कृपया स्टैपल पिन / क्लिप का उपयोग न करें। | टैटू का आकार (से.मी. में)<br>भाषा – (यदि लागू हो)<br>टैटू का महत्त्व – (यदि लागू हो) |

**नोट :-** प्रत्येक टैटू की विवरण सहित अलग तस्वीर होगी और इसका वर्णन भी अलग से किया जाएगा। अतिरिक्त पृष्ठों का उपयोग इस उद्देश्य के लिए किया जाएगा और प्रत्येक पृष्ठ को अलग से सत्यापित किया जाएगा।

स्थान :

दिनांक : गोल मुहर लगाएँ

(जिले, तहसील के डीसी/डीएम/एसडीएम
के नाम, पदनाम और मुहर सहित हस्ताक्षर)

अथवा

(अध्यक्ष/सचिव या जिस जनजाति से अभ्यर्थी संबंधित है,
उस जनजाति के वरिष्ठ सदस्य के हस्ताक्षर, नाम पदनाम (यदिकोई हो) और पता,
और उसकी मुहर